
## काल्पोस्कोपी (Colposcopy)

यह परीक्षण सर्विक्स की असामान्य कोशिकाओं को देखने और उनकी स्थिति कितनी गंभीर है यह जानने के लिए किया जाता है। यह भी OPD Procedure है और इसमें बेहोशी नही लगती इसमें एक माइक्रोस्कोप और लाईट की जरुरत पड़ती है जिसे कॉल्पोस्कोप कहते है। इससे कोशिकाओ को बड़ा करके एवं अलग अलग डाई (Dye) लगाकर देखा जाता है। अगर असामान्य लगने वाली कोशिकाए दिखती है तो उस जगह से एक छोटा नमूना यानि बायोप्सी (Biopsy) ली जाती है और उसे जांच के लिए भेजी जाती है।




यह आपका फैसला है कि आप स्क्रीनिंग कराना चाहते है कि नही किन्तु यह भी सत्य है कि सर्विकल कैंसर से पूर्ण बचाव हो सकता है। अगर आप रेगुलर स्क्रीनिंग कराये। हर स्त्री जो 25 साल की उम्र की है, अपने ग्यनोकॉलिस्ट से मिलकर अपने स्क्रीनिंग के बारे में पता कर सकती है, और इस भयावह कैंसर से बच सकती है।

## उपलब्ध सुविधाएं

- 7 स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम
- आधुनिक मेडिकल एवं सर्जिकल सेंटर
- प्रजनन केन्द्र (Fertility Centre) & IUI, IVF, ICSI
- हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (High Risk Pregnancy)
- आधुनिक दूरबीन पद्धति (Laparoscopy) द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बिना चीरा, बिना टांके के बच्चेदानी का ऑपरेशन (Vaginal Hysterectomy)
- गर्भाशय मुख की जाँच (Colposcopy)
- Malformation Scan (Sonography)
- विशेष गर्भ संस्कार मार्गदर्शन
- Hysteroscopy दूरबीन द्वारा बच्चेदानी की जाँच व ईलाज
- दर्द रहित प्रसव। (EPIDURAL)
- सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गर्भपात एवं परिवार नियोजन केन्द्र।
- कम्प्यूटराईज मशीन द्वारा गर्भस्थ शिशु के धड़कन की जांच। (NST)
- स्तन कैंसर से बचाव व उपचार।
- मेनोपॉज क्लिनिक (रजोनिवृत्ति)।
- पैथोलॉजी।
- फिजियोथेरेपिस्ट उपलब्ध
- न्यूट्रीशियनिस्ट उपलब्ध







SBH® WOMEN HOSPITAL Pvt. Ltd.
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
PRE ACCREDITED
ICSI एवं IVF (टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर)
सुपर स्पेशलिटी प्रसूति एवं स्त्रीरोग हॉस्पिटल
विजेता काम्पलेक्स के सामने, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
7440777771, 0771-4017979, 4047462
www.sbhhospital.com

यह सच है कि महिलाएं गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को रोक सकती है।

## 1. सर्विकल कैंसर क्या है?

सर्विकल कैंसर तब होता है जब सर्विक्स **(Cervix)** यानि गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं किसी अनियंत्रित तरीके से बढ़ना आरंभ कर देती है और ट्यूमर का रूप धारण करती है। सर्विक्स आपके गर्भाशय का सबसे निचला भाग होता है जो आपके योनि में खुलता है




## 2. सर्विकल कैंसर क्यो होता है?

सबसे प्रमुख कारण है **HPV VIRUS** यानि ह्यूमन पैपीलोमा वायरस। यह केस **96-97%** केस में प्रमुख रुप से पाया जाता है

### Risk Factors -


- कम उम्र में शादी होना।
- कम उम्र से यौन संबंध स्थापित हो जाना।
- 3 से ज्यादा बार प्रसव होना।
- योनि में बार बार संक्रमण होना।
- धूम्रपान करना।

## 3. सर्विकल कैंसर के लक्षण क्या है?

**HPV VIRUS** कोई लक्षण उत्पन्न किये बिना भी कई सालों तक आपके सर्विक्स में रह सकता है अतः आपको स्क्रीनिंग कराते रहना चाहिए।

कुछ लक्षण जो पाये जा सकते है वो है -

1. योनि से बार बार पानी जाना जिसमें बदबू हो या योनि में बार बार खुजली होना।
2. आपके मासिक धर्म के बीच में या संभोग के बाद योनि से खून जाना।
3. रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्त्राव होना।
4. संभोग के दौरान अत्यधिक दर्द होना या खून जाना।




## सर्विकल कैंसर से बचाव के तरीके –


1. **सर्विकल कैंसर वैक्सीन** – सर्विकल कैंसर ही एक ऐसा कैंसर है जिससे सुरक्षा के लिए वैक्सीन विकसित है। अगर हर लड़की 10 से 14 साल की उम्र के बीच इस वैक्सीन को लगवा लेती है तो उसको इस कैंसर से लगभग ताउम्र की सुरक्षा प्राप्त हो जाती है। यह 2 डोज में लगाई जाती है।




2. इस वैक्सीन को 15 साल से ऊपर की महिलाएं भी लगवा सकती है लेकिन उन्हे 3 डोज लगवाने होते है 15 साल से उपर इसको लगवाने से इसकी सुरक्षा प्रतिशत कम हो जाती है।

## स्क्रीनिंग –

स्क्रीनिंग के अंतर्गत डॉ. द्वारा सर्विक्स यानि गर्भाशय के ग्रीवा की सतह से ब्रश द्वारा कोशिकाओं का एक छोटा नमूना लिया जाता है इसे पेप (PAP) स्मियर (SMEAR) कहते है। यह PAP SMEAR अगर सामान्य आता है, तो आगे फिर इसकी जरुरत 3 साल के बाद होती है। यह OPD Procedure है यानि इसमें कोई बेहोशी या भर्ती की जरुरत नही पड़ती। इसे कभी भी करा सकते है केवल मासिक धर्म के दौरान नही।




## HPV TEST

यह भी PAP SMEAR की तरह किया जाता है किन्तु इसमें HPV VIRUS और उसका प्रकार पता किया जाता है। यह अगर नेगेटिव (Negative) है तो फिर स्क्रीनिंग की जरुरत 5 साल बाद आती है। यह अगर पॉजीटिव (Positive) है तो (Colposcopy) कॉल्पोस्कोपी करानी पड़ती है।